## शिष्यों के कैनवास पर दिखे विविध आयाम


# भारत भवन में भावसार की कला-परंपरा के रंग

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भारत भवन की रंगदर्शनी दीर्घा मंगलवार को रंग, रेखा, रूप और भावों के ऐसे संगम की साक्षी बनी, जहां प्रख्यात कलागुरु लक्ष्मीनारायण भावसार की कला-परंपरा उनके शिष्यों के कैनवास पर अलग-अलग रंग-संवेदनाओं और कलात्मक अभिव्यक्तियों के साथ आकार लेती दिखाई दी।

समकालीन कला को मंच प्रदान करने वाली प्रदर्शनी श्रृंखला 'रुपाभ' के अंतर्गत आयोजित इस समूह चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने किया। प्रदर्शनी में भावसार के शिष्यों की विविध शैलियों और कला-दृष्टि से परिचित कराने वाली कुल 40 कृतियां प्रदर्शित की गई हैं। कला प्रेमियों के लिए यह प्रदर्शनी 4 अक्टूबर तक खुली रहेगी। प्रदर्शनी में सुश्री शीला गर्ग, प्रो. आलोक भावसार, डॉ. राजू राठौर, डॉ. वंदना शर्मा, निलेश उपाध्याय, डॉ. शैलेन्द्र नामदेव, शंकर राजपूत, रविन्द्र भावसार, कल्पित सोनी और आदित्य भावसार की कृतियां शामिल हैं। इन चित्रों में कहीं प्रकृति की सहज लय है तो कहीं मानवीय संवेदनाओं का सूक्ष्म संसार। कहीं लोक संस्कृति रंगों में मुखर होती है तो कहीं आध्यात्मिक अनुभूति अमूर्त रूपों और प्रतीकों के माध्यम से कैनवास पर उतरती है।



### गुरु को चित्र भेंट नहीं कर सकीं डॉ वंदना



करीब तीन दशकों से कला साधना में सक्रिय डॉ. वंदना शर्मा ने अपने गुरु लक्ष्मीनारायण भावसार का पोर्ट्रेट तैयार किया था। यह चित्र वे अपने गुरु को भेंट करना चाहती थीं, लेकिन भावसार के आकस्मिक निधन के कारण वह भाव आज भी उनके भीतर एक कश्मकश की तरह मौजूद है। उनके प्रस्तुत रियलिस्टिक वर्क में प्रकृति, विशेषकर पेड़, विभिन्न रूपों और संरचनाओं के साथ दिखाई देते हैं।

उद्घाटन अवसर पर भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में गुरु-शिष्य परंपरा, स्मृति, प्रकृति, लोक संस्कृति और समकालीन संवेदना एक साथ रंगों के माध्यम से आकार लेती दिखाई देती है।

### 27 से 60 वर्ष तक के कलाकारों की कलाकृतियां

इस प्रदर्शनी का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि इसमें कलागुरु लक्ष्मीनारायण भावसार से जुड़े अलग-अलग पीढ़ियों के कलाकारों की रचनात्मक यात्रा एक साथ दिखाई देती है। उनके 27 वर्षीय शिष्य से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के कलाकारों तक की कृतियां यहां प्रदर्शित हैं। इस तरह प्रदर्शनी केवल चित्रों का संकलन नहीं, बल्कि एक गुरु से शिष्य तक पहुंची कला-दृष्टि और उसके बदलते रूपों का जीवंत दस्तावेज भी बनती है।

### स्मृतियों को कैनवास पर संजोती कला



शीला गर्ग ने बताया कि वे वर्ष 1970 से लक्ष्मीनारायण भावसार के सान्निध्य में रहीं और तभी से निरंतर चित्रकला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। लैंडस्केप, नेचर और फिगरेटिव वर्क उनकी पसंदीदा कला विधाएं हैं, जबकि ऑयल माध्यम उनकी कार्यशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है।

### स्त्री जीवन के विभिन्न रूप



वरिष्ठ कलाकार प्रो. आलोक भावसार ने 'गुपचुप', 'मन की बात' और 'प्रतीक्षा' जैसे शीर्षकों के माध्यम से स्त्री जीवन के विभिन्न रूपों और मनोभावों को चित्रित किया है। उनके फिगरेटिव वर्क में स्त्री आकृतियां केवल दृश्य संरचना का हिस्सा नहीं, बल्कि भावनाओं और सामाजिक अनुभवों की अभिव्यक्ति बनकर सामने आती हैं।

# मध्य प्रदेश में 103 पंचायत पदों के लिए हुआ मतदान

- सुसनेर में ईवीएम विवाद के चलते 15 मिनट रुकी वोटिंग
- रायसेन-खरगोन में ग्रामीणों ने किया बहिष्कार

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में पंचायत उपचुनाव के तहत मंगलवार को 103 पदों के लिए मतदान हुआ। इसके साथ ही आगर-मालवा जिले की सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भी मतदान कराया गया। इस तरह कुल 104 पदों के लिए मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने प्रदीप सोनी और कांग्रेस ने विष्णु पाटीदार को प्रत्याशी बनाया है। यहां वार्ड-7 स्थित मतदान केंद्र पर ईवीएम को लेकर करीब 15 मिनट तक मतदान प्रभावित रहा। स्थानीय विधायक भैरों सिंह परिहार ने ईवीएम को लेकर आपत्ति जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि मशीन से जुड़ी जानकारी लिखित रूप से उपलब्ध नहीं कराई गई। पुरानी सूची और ईवीएम के सीरियल नंबर में अंतर मिलने के बाद दोनों दलों के समर्थक मतदान केंद्र पर पहुंच गए। विधायक ने तहसीलदार से फोन पर चर्चा कर बिना सूचना ईवीएम बदले जाने पर आपत्ति दर्ज कराई। वहीं, रायसेन और खरगोन जिले में ग्रामीणों ने सड़क, श्मशान तक रास्ते और पुलिया निर्माण की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया। अन्य स्थानों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए शाम 5 बजे तक 15 वार्डों के 17 मतदान केंद्रों पर 75.96 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शाजापुर जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पतौली में सरपंच पद के उपचुनाव में 92 प्रतिशत और पनवाड़ी में 82 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के बाद सभी ईवीएम को सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया। मतगणना 3 अक्टूबर को होगी।

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**नप्र, भोपाल :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने भारतीय जनता युवा मोर्चा, भोपाल के जिला महामंत्री स्वर्गीय श्री दिव्यऋषि तिवारी के असामयिक देवलोकगमन पर मंगलवार को भोपाल स्थित उनके निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ उपस्थित रहे।

## प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकसित होंगे सर्वसुविधायुक्त सीएम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर प्रदेश में निर्माणाधीन सीएम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में युवाओं और खिलाड़ियों को आधुनिक एवं बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ये कॉम्प्लेक्स विकसित किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को स्थानीय स्तर पर अभ्यास और प्रशिक्षण की सुविधाएं मिलेंगी। सीएम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बैडमिंटन, एथलेटिक्स ट्रैक, मार्शल आर्ट, टेबल टेनिस, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल और फुटबॉल सहित विभिन्न खेलों की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परिसर में फिटनेस सेंटर, प्रशासनिक भवन, उपकरण कक्ष, चेंजिंग रूम, विद्युत कक्ष और अग्नि सुरक्षा प्रणाली जैसी सुविधाएं भी होंगी। दिव्यांगजनों के लिए विशेष सुविधाओं का भी प्रावधान किया जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्माण में गुणवत्ता, उपयोगिता और खिलाड़ियों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल अधोसंरचना का विकास केवल भवन निर्माण तक सीमित न रहे, बल्कि परिसरों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ा जाए। स्थानीय प्रतिभाओं को जिला, संभाग, राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकसित किए जा रहे इन कॉम्प्लेक्स में आपातकालीन और त्वरित राहत सेवाओं के लिए हेलीपैड का भी प्रावधान किया जा रहा है।

# देशभर की बुनकरी विरासत का प्रदर्शन

## 16 राज्यों के 50 से अधिक बुनकर और शिल्पी हाथकरघा उत्पादों के साथ शामिल



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गौहर महल में राज्य स्तरीय हाथकरघा प्रदर्शनी आयोजित की जा रही है, जो चार अक्टूबर तक चलेगी। इसमें 16 राज्यों के करीब 50 से 65 बुनकर और शिल्पी अपने हाथकरघा उत्पादों के साथ शामिल हुए हैं। प्रदर्शनी में साड़ियां, शॉल, परिधान सामग्री और घरेलू उपयोग की वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। जम्मू-कश्मीर के शिल्पी पश्मीना शॉल, फेरन और परिधान सामग्री लेकर पहुंचे हैं। पश्चिम बंगाल की बालूचरी, गुजरात का पटोला और कर्नाटक की मैसूर सिल्क भी आकर्षण का केंद्र हैं। छत्तीसगढ़ के कोसा और टसर उत्पाद तथा मध्य प्रदेश की चंदेरी और महेश्वर बुनकरी भी प्रदर्शित की गई है। उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर से हाथ से बनी दरियां भी लाई गई हैं, जिनमें 20 प्रतिशत कपास और 80 प्रतिशत ऊन का उपयोग किया गया है।

# सेवा मेरा योगदान अभियान 2 से 10 अक्टूबर तक, नौ गतिविधियों से जुड़ेगा जनसमुदाय

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** गांधी जयंती से राष्ट्रसेवा और सामाजिक सहभागिता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में 'सेवा मेरा योगदान' अभियान 2 से 10 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत होने वाले इस अभियान में स्वच्छता, स्वास्थ्य, वृद्धजनों एवं अनाथ बच्चों की सेवा, नेत्र परीक्षण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, वृक्षारोपण, सैनिकों एवं उनके परिवारों का सम्मान तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता सहित नौ गतिविधियां आयोजित होंगी। जिला, विकासखंड, नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत स्तर पर सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, विभागीय अमले और नागरिकों की सहभागिता से कार्यक्रम होंगे। अभियान की शुरुआत 2 अक्टूबर को 'स्वच्छता ही सेवा' गतिविधि से होगी। 3 अक्टूबर को स्वास्थ्य शिविर, 4 अक्टूबर को वृद्धाश्रमों और अनाथालयों में सेवा गतिविधियां, 6 अक्टूबर को नेत्र परीक्षण शिविर और 8 अक्टूबर को दिव्यांगजन सशक्तिकरण से जुड़ी गतिविधियां होंगी। 9 अक्टूबर को वृहद वृक्षारोपण अभियान के साथ सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के सम्मान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान के अंतिम दिन 10 अक्टूबर को जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग, पुस्तकें, कॉपियां, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, जूते और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। सक्षम नागरिकों और सामाजिक संगठनों को विद्यार्थियों की शिक्षा में दीर्घकालीन सहयोग के लिए जोड़ा जाएगा। अभियान का उद्देश्य सेवा को सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए जनभागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारी की स्थायी भावना में बदलना है।

### चार ऐतिहासिक स्थलों का यूनेस्को सूची में शामिल होना गौरवपूर्ण

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यूनेस्को की टेंटेटिव सूची में बाघ गुफाओं की चित्रकारी, गिन्नौरगढ़ किला, चंबल घाटी के मंदिर समूह और उदयगिरि गुफाओं के शामिल होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इससे मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान मिली है। देश की 78 टेंटेटिव धरोहरों में 19 मध्यप्रदेश में हैं।

## मंत्री नरेंद्र पटेल ने सुनीं कार्यकर्ताओं की समस्याएं



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में विभिन्न जिलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जिन प्रकरणों में विभागीय कार्रवाई आवश्यक है, उन्हें संबंधित विभागों को भेजा गया। मंत्री पटेल ने कहा कि कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्राप्त जनसमस्याओं का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर प्राथमिकता के आधार पर समाधान का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान और उन्हें शासन की योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ दिलाना प्रदेश सरकार और संगठन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

### मुख्यमंत्री का एमबीबीएस इंटर्न्स ने माना आभार

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश के एमबीबीएस इंटर्न्स ने स्टायपेंड बढ़ाकर 21 हजार 500 रुपये किए जाने पर आभार माना। इंटर्न्स प्रतिनिधियों ने मंत्रालय में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। वॉइस ऑफ इंटर्न्स संस्था के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्टायपेंड में वृद्धि एमबीबीएस इंटर्न्स के परिश्रम, जिम्मेदारियों और मरीजों की सेवा में योगदान के प्रति सम्मान और प्रोत्साहन का प्रतीक है।

## वन्यजीव तस्करी मामले में आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** इंदौर में दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के वन्यजीवों की अंतरराज्यीय तस्करी के मामले में जिला एवं सत्र न्यायालय ने मुख्य आरोपी कमल मेहता की जमानत याचिका खारिज कर दी। राज्य बाघ बल की क्षेत्रीय इकाई इंदौर ने 19 अगस्त को गोपनीय सूचना के आधार पर तीन इमली चौराहे से रोहन और केशव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30 जीवित दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के कछुए बरामद किए थे। पूछताछ के आधार पर कनाडिया रोड स्थित श्री पेट शॉप परिसर की तलाशी ली गई, जहां से अनुसूची एक और दो के तहत संरक्षित एक इंडियन स्टार टॉरटॉइस तथा एक रोज रिंग पैराकिट बरामद किया गया। मामले में अब तक 33 जीवित कछुए जब्त किए जा चुके हैं। गिरोह के तार मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से जुड़े बताए गए हैं। कमल मेहता को 23 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने 28 सितंबर को वन्यजीवों की तस्करी की गंभीरता और आरोपी की प्रथम दृष्ट्या संलिप्तता को देखते हुए जमानत याचिका निरस्त कर दी। मामले की जांच जारी है।

# सौ पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को मिलेगा पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र और डिस्क

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नवंबर 2025 के लिए मध्यप्रदेश पुलिस के 100 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं डिस्क प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है। यह सम्मान उत्कृष्ट कार्य और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा। चयनित अधिकारियों में पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपायुक्त, सेनानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 14 निरीक्षक, 26 उप निरीक्षक, 7 सहायक उप निरीक्षक, 12 प्रधान आरक्षक और 13 आरक्षक भी इस सम्मान के लिए चयनित किए गए हैं। इस प्रकार कुल 100 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं डिस्क प्रदान किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं डिस्क अवॉर्ड वर्ष 2002 से पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आठ श्रेणियों में प्रदान किया जाता है। दस्यु विरोधी अभियान, नक्सल विरोधी अभियान और अन्य अभियानों में प्रशंसनीय उपलब्धि, प्राकृतिक आपदा के दौरान उत्कृष्ट कार्य, क्रीड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने, पुलिस कार्यप्रणाली में सुधार के लिए नए प्रयोग तथा 15 वर्ष तक लगातार उत्कृष्ट एवं स्वच्छ अभिलेख के लिए यह सम्मान दिया जाता है। इसके अलावा वाहन चालकों को 15 वर्ष तक लगातार उत्कृष्ट एवं दुर्घटनारहित वाहन चालन, अनसुलझे प्रकरणों को सुलझाने और अन्य प्रशंसनीय कार्यों के लिए भी पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति पत्र एवं डिस्क प्रदान किया जाता है।

### हिंदी पखवाड़े में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में राजभाषा इकाई के तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 28 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों के ज्ञान, त्वरित निर्णय क्षमता और हिंदी भाषा संबंधी जानकारी का आकलन किया गया। प्रतियोगिता में हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति, सामान्य ज्ञान और समसामयिक विषयों से जुड़े प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक चरण में प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन दीपक चौधरी एवं निशा साहू ने किया। निदेशक डॉ. अमिताभ पांडे ने कहा कि ऐसे आयोजन हिंदी के माध्यम से कर्मचारियों एवं अधिकारियों का सामान्य ज्ञान बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम में हिंदी अधिकारी राजेंद्र झरिया उपस्थित रहे।